उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 22.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा की पुलिस टीम ने 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में जनपद में कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने व आगामी त्यौहारों को निर्भीक वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद में अवैध गांजा की बिक्री एवं तस्करी तथा उसमे संलिप्त अभियुक्तों की चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.09.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक एवं श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा द्वारा गठित की गयी उ0नि0 सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया, उ0नि0 सनय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त सद्दाम हुसैन पुत्र इकबाल हुसैन उम्र 22 वर्ष निवासी टोरिया मोहल्ला थाना कोतवाली छतरपुर जनपद छतरपुर म0प्र0 को थानाक्षेत्र के छतरपुर रोड पुलिस लाइन तिराहा के पास से पुलिस हिरासत में लिया; अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम सूखा गाँजा नाजायज बरामद हुआ, अभियुक्त को अवैध गांजे से साथ गिरफ्तार किया गया, बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली नगर महोबा में मु0अ0स0- 436/2023 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

**बरामदगीः-** 01 किलो 200 ग्राम सूखा गाँजा नाजायज

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

सद्दाम हुसैन पुत्र इकबाल हुसैन उम्र 22 वर्ष निवासी टोरिया मोहल्ला थाना कोतवाली छतरपुर जनपद छतरपुर म0प्र0

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया प्रभारी चौकी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर
2.उ0नि0 सनय कुमार प्रभारी चौकी सुभाष थाना कोतवाली नगर जिला महोबा
3.हे0कां0 सुरेश कुमार यादव 4.कां0 रामकुमार तिवारी 5.कां0 राहुल तिवारी



## थाना अजनर की पुलिस टीम ने 600 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के निर्देशन में जनपद में कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने व आगामी त्यौहारों को निर्भीक वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद में अवैध गांजा की बिक्री एवं तस्करी तथा उसमे संलिप्त अभियुक्तों की चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.09.2023 को श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक एवं सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में श्री शिवआसरे, प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर द्वारा गठित की गयी उ0नि0 मिथलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नगाराडांग रोड पर बने मंदिर के पास ग्राम इन्द्रहटा अजनर जनपद महोबा से 01 नफर अभियुक्त भूपेन्द्र तिवारी पुत्र प्रेमनारायण तिवारी उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम सलैयामाफ थाना अजनर जनपद महोबा को हिरासत में लिया गया, अभियुक्त के कब्जे से एक झोले में 600 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। कब्जे से हुई बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर में मु0अ0स0 183/2023 धारा 8/20 **NDPS ACT** पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

**1.** उ0नि0 मिथलेश कुमार थाना अजनर जनपद महोबा।

**2.** का0 रामनरेश **3.** कां0 भारत मौर्या थाना अजनर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

भूपेन्द्र तिवारी पुत्र प्रेमनारायण तिवारी उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम सलैयामाफ थाना अजनर जनपद महोबा सम्बन्धित मु0अ0स0 183/2023 धारा 8/20 **NDPS ACT** थाना अजनर जनपद महोबा।

**बरामदगी –** एक झोले में कुल 600 ग्राम नाजायज गांजा बरामद होना।



## जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग, पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 22.09.2023 को जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये।



महोबा पुलिस